सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य का पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित 12वें कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने उत्तराखंड के कृषि और बागवानी मंत्री सुबोध उनियाल को देश में सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य का पुरस्कार प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड ने किसानों की आय बढ़ाने के लिये एकीकृत कृषि का मॉडल अपनाया है। राज्य सरकार 20,000 मशरूम उत्पादकों को बढ़ावा दे रही है और ज़िला योजना के तहत 40 प्रतिशत धनराशि कृषि एवं बागवानी गतिविधियों के लिये आरक्षित की गई है। इससे राज्य में पॉली हाउस निर्माण और उच्च घनत्व वाले फल वृक्षारोपण को बढ़ावा मिल रहा है।
- इसके साथ ही राज्य सरकार किसानों को पाँच लाख रुपए का ब्याजमुक्त ऋण और तीन लाख रुपए का कम ब्याज वाला ऋण प्रदान कर रही है।
- उनियाल ने कहा कि राज्य ने अधिक उपज देने वाले फलों की खेती पर ध्यान केंद्रित किया है, किसानों को गैर-मौसमी सब्जियाँ उगाने के लिये प्रोत्साहित किया है और नर्सरी अधिनियम को लागू किया है।
- ज्ञातव्य है कि उत्तराखंड देश का एकमात्र राज्य है, जिसने नर्सरी एक्ट के तहत छह माह की कैद का प्रावधान किया है। राज्य सरकार ने पैकेजिंग और मार्केटिंग को बढ़ावा देकर ‘उत्तराखंड सेब’ का एक अलग ब्रांड विकसित किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/best-horticulture-state-award